तिरंगा संगीत समारोह में राष्ट्रभक्ति के गीतों पर झूमेगा प्रदेश

लखनऊ में 1090, घंटाघर चौक, हजरतगंज, जनेश्वर मिश्र पार्क में होगा तिरंगा कॉन्सर्ट

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। देश के राष्ट्र नायकों को सम्मान देने के साथ ही भावी पीढ़ी में देशभक्ति का संचार करने के लिए हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रदेश के 5 करोड़ घरों में तिरंगा फहराया जाएगा। साथ ही 09 से 12 अगस्त तक देशभक्ति से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम भी होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सभी आयोजनों को जनभागीदारी के साथ मनाने का निर्देश दिया है।

इस क्रम में राजधानी लखनऊ समेत सभी 75 जिलों में तिरंगा संगीत समारोह (तिरंगा कॉन्सर्ट) का आयोजन किया जाएगा। संस्कृति विभाग के अनुसार राजधानी लखनऊ में 1090 चौराहा, हजरतगंज, घंटाघर चौक, जनेश्वर मिश्र पार्क, एमरॉल्ड मॉल, लुलु मॉल आदि स्थानों पर तिरंगा संगीत समारोह प्रस्तावित है।

हर घर तिरंगा अभियान- 2026 के तहत तिरंगा महोत्सव भी होगा। इसके अंतर्गत तिरंगा मेला व तिरंगा म्यूजिकल कॉन्सर्ट भी आयोजित किया जाएगा। तिरंगा कॉन्सर्ट में नामी कलाकारों के साथ ही स्थानीय कलाकारों को भी मौका दिया जाएगा। स्वतंत्रता संग्राम व शहीद सैनिकों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा।

प्रदेश के सभी 75 जिलों में होगा समारोह का आयोजन

सिनेमाघरों में भी होंगे राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में हुई बैठक में निर्देश दिया है कि 14-15 अगस्त को प्रदेश के सभी सिनेमाघरों में राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान का अनिवार्य रूप से प्रसारण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने हर घर तिरंगा का उद्देश्य भावी पीढ़ी को देश के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराना, राष्ट्रप्रेम, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है।

वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत समेत भारतीय ज्ञान-विज्ञान पर होगा शोध

लखनऊ। प्रदेश में 50 साल पुराने विवि व डिग्री कॉलेजों में भारतीय ज्ञान परंपरा संवर्धन शोधपीठ स्थापित की जाएगी। यहां वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत सहित भारतीय ज्ञान विज्ञान पर शोध किया जाएगा। भारतीय ज्ञान परंपरा पर डिप्लोमा व सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। पीएचडी, पोस्ट डॉक्टरेट व शोधार्थियों को प्रोत्साहन दिया जाएगा।

उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार शोधपीठ उन्हीं उच्च शिक्षण संस्थानों में खुलेंगे जहां छात्र संख्या 5000 से अधिक होगी। चयनित विवि व कॉलेजों को पांच-पांच साल के लिए दो-दो करोड़ का अनुदान दिया जाएगा। इसकी एफडी के ब्याज से यह शोधपीठ संचालित होंगी। यहां पर उक्त के साथ दुर्लभ पांडुलिपियों व ग्रंथों का डिजिटलीकरण किया जाएगा।

50 साल पुराने विश्वविद्यालयों व कॉलेजों में स्थापित होंगी भारतीय ज्ञान परंपरा संवर्धन शोधपीठ

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि ओपन एक्सेस लाइब्रेरी व मूक्स से वैश्विक स्तर पर इसकी पहुंच होगी। पीठ से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। एकमुश्त अनुदान के साथ ही कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) की मदद से इन्हें और वित्तीय मदद दिलाई जाएगी। शोधपीठों के चयन के लिए निदेशक उच्च शिक्षा की अध्यक्षता में गठित पांच सदस्यीय समिति प्रस्तावों का परीक्षण कर शासन को संस्तुति भेजेगी। ब्यूरो

न्यूज डायरी

विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण 30 सितंबर तक

लखनऊ। प्रदेश के माध्यमिक स्कूलों में कक्षा छह से 11 तक के छात्रों के लिए विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की ओर से सभी राज्यों को पत्र लिखकर अधिक से अधिक छात्रों को इसमें प्रतिभाग कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए 30 सितंबर तक पंजीकरण होगा। इसके लिए 200 रुपये पंजीकरण शुल्क है। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को विज्ञान के क्षेत्र में देश के योगदान के विषय में जानकारी देना है। छात्र वेबसाइट http://vvm.org.in के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं। बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी बीएसए व डीआईओएस को निर्देश दिए गए हैं कि इसमें छात्रों का अधिक से अधिक पंजीकरण कराएं। ब्यूरो

तीन डीएम और चार सीडीओ को प्रशंसा पत्र

लखनऊ। खाद्य एवं प्रसंस्करण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन डीएम और चार सीडीओ को प्रशंसा पत्र भेजा गया है। खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अपर मुख्य सचिव बीएल मीणा ने बताया कि हापुड़ की जिलाधिकारी कविता मीणा, मिर्जापुर के जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, अंबेडकरनगर की जिलाधिकारी ईशा प्रिया, बाराबंकी के मुख्य विकास अधिकारी ए सुधान, सीतापुर की मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जोशी, हरदोई की मुख्य विकास अधिकारी नेहा ब्याडवाल तथा कानपुर नगर के मुख्य विकास अधिकारी अभिनव जे जैन ने खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापना में विशेष रुचि दिखाई है। ब्यूरो

10 हजार बढ़ेंगे ग्राम संगठन 75460 तक पहुंचेगी संख्या

लखनऊ। प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं को मजबूत संस्थागत आधार देने के लिए ग्राम संगठनों की संख्या बढ़ाई जाएगी। उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्रदेश में ग्राम संगठनों की संख्या 65460 से बढ़ाकर 75460 करने का निर्णय लिया गया है। इस तरह 10 हजार नए ग्राम संगठन बनाए जाएंगे। ब्यूरो

यूपीएससीआर में अगले 5 साल में बनेंगे 20 नए विद्युत उपकेंद्र

लखनऊ समेत छह जिलों की बिजली व्यवस्था होगी और मजबूत

रविशंकर गुप्ता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र (यूपीएससीआर) में बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अगले पांच वर्षों में 20 नए विद्युत उपकेंद्र बनाए जाएंगे। उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन निगम ने इसकी योजना तैयार की है। इससे यूपीएससीआर के छह जिलों लखनऊ, सीतापुर, बाराबंकी, उन्नाव, रायबरेली और हरदोई में बिजली आपूर्ति अधिक मजबूत और निर्बाध होगी। मौजूदा समय में कई उपकेंद्रों पर क्षमता से अधिक भार होने से आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

योजना के तहत लखनऊ के जेल रोड स्थित आईटी सिटी में 765 केवी क्षमता का विद्युत उपकेंद्र बनेगा, जो यूपीएससीआर का सबसे बड़ा उपकेंद्र होगा। इसके लिए 90 से 110 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी। परियोजना की अनुमानित लागत 2000 से 2200 करोड़ रुपये है। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध करा चुका है। अन्य उपकेंद्रों के लिए 12 से 50 एकड़ तक भूमि की जरूरत होगी।

लखनऊ में वरुण विहार, सुल्तानपुर रोड और मोहनलालगंज में 400 केवी के उपकेंद्र प्रस्तावित हैं। वेलनेस सिटी, नैमिष नगर और सुमित्रा विहार योजना मोहनलालगंज में 220 केवी के उपकेंद्र बनेंगे। वहीं, टांकटोरिया रोड और रायबरेली रोड पर 132 केवी के उपकेंद्र प्रस्तावित हैं।

वर्तमान में यूपीएससीआर में 765 केवी के दो, 400 केवी के तीन, 220 केवी के 17 और 132 केवी के 46 उपकेंद्र संचालित हैं। हरदोई के बघौली, शाहाबाद, श्रीमऊ, लखनऊ के गोमती नगर, मोहान रोड, आवास विकास, जेल रोड, सीतापुर के लहरपुर, महमूदाबाद और रायबरेली के बछरावां, अमावा, त्रिपुला व दलमऊ क्षेत्रों में उपकेंद्रों पर अधिक भार की समस्या है। नए उपकेंद्र बनने से इन क्षेत्रों को राहत मिलेगी।

आईटी सिटी में बनेगा 765 केवी का सबसे बड़ा उपकेंद्र

इन जगहों पर भी बनाए जाएंगे नए उपकेंद्र

बाराबंकी, नवाबगंज, हैदरगढ़ व सीतापुर में 400-400 केवी, उन्नाव, रायबरेली, बछरावां, बांगरमऊ व पुरवा में 220-220 केवी और हरदोई में 132 केवी का उपकेंद्र बनाया जाएगा।

उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए ये एक बड़ी योजना है। यदि किसी क्षेत्र में बड़ी फॉल्ट या पूरी लाइन में कोई खराबी है तो भी वैकल्पिक व्यवस्था के सहारे राहत दी जा सकेगी। इसके लिए केंद्र सरकार से भी बजट मिलना है। लखनऊ में जो 765 केवी उपकेंद्र बनेगा उसके लिए एलडीए ने जेल रोड पर जगह दे दी है। इसमें थोड़ा समय लग जाएगा।

- रजत जुनेजा, निदेशक (वाणिज्य), विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब से बदलेगी शिक्षा की तस्वीर

लखनऊ। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में स्थापित स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब और डिजिटल संसाधनों का अधिकतम प्रयोग सुनिश्चित करने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग बड़ा अभियान शुरू करने जा रहा है। समग्र शिक्षा अभियान के तहत प्रदेश के हर विकासखंड में मास्टर ट्रेनर तैयार किए जाएंगे, जो शिक्षकों को तकनीक आधारित शिक्षण का व्यावहारिक प्रशिक्षण देंगे। इसका उद्देश्य विद्यालयों में उपलब्ध डिजिटल संसाधनों का प्रभावी प्रयोग कर कक्षा शिक्षण को अधिक रोचक, सार्थाणित और गुणवत्तापूर्ण बनाना है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने सभी जिलों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। हर विकासखंड से एक शिक्षक को संदर्भदाता (मास्टर ट्रेनर) के रूप में नामित किया गया है। इनका राज्य स्तरीय प्रशिक्षण दो चरणों में किया गया। अब यही प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर अपने-अपने विकासखंडों में शिक्षकों को दो दिन का प्रशिक्षण देंगे। हर प्रशिक्षण बैच में अधिकतम 50 प्रशिक्षणार्थी शामिल होंगे। प्रशिक्षण में शिक्षकों को स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, इंटरैक्टिव डिजिटल बोर्ड, प्रोजेक्टर, कंप्यूटर, ई कंटेंट तथा अन्य डिजिटल संसाधनों के प्रभावी प्रयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। ब्यूरो

4026 राजकीय व एडेड माध्यमिक स्कूलों में मिलेगा व्यावसायिक प्रशिक्षण

लखनऊ। प्रदेश में 4026 राजकीय व अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा की पढ़ाई व प्रशिक्षण कराया जाएगा। प्रोजेक्ट प्रवीण योजना के तहत इन विद्यालयों में छात्रों को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन 4026 विद्यालयों में यह सुविधा शुरू होने के साथ ही सभी राजकीय व एडेड माध्यमिक विद्यालयों में पूरी होगी। बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि प्रदेश के शेष 3208 एडेड माध्यमिक और 818 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में भी यह योजना शुरू की जा रही है। सभी डीआईओएस को निर्देश में उन्होंने कहा है कि प्रोजेक्ट प्रवीण का विस्तार करते हुए इन विद्यालयों में भी इसी सत्र वर्ष 2026-27 से ही कौशल प्रशिक्षण के लिए अधिक से अधिक छात्रों का पंजीकरण किया जाए। कक्षा नौ से 12 तक के छात्र विभिन्न ट्रेड में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इससे वे स्वरोजगार के लिए तैयार होंगे। अपर मुख्य सचिव ने बताया है कि अभी प्रदेश के 729 एडेड व 1136 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में यह योजना पहले से चल रही है। ब्यूरो

amarujala.com amarujala.com

शिक्षामित्रों की सेवानिवृत्ति आयु 62 साल करने की मांग

लखनऊ। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षामित्रों की समस्याओं के समाधान को लेकर शिक्षामित्र संघ का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मिला। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को सुनकर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

एमएलसी कुंवर महाराज सिंह के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से शिक्षामित्रों की सेवानिवृत्ति आयु 60 से 62 साल करने, शिक्षामित्रों को विशेष टीईटी में शामिल करने, टीईटी पास शिक्षामित्र जो एनसीटीई की सभी अर्हताओं को पूरा करते हैं, उन्हें नियमित करने का अनुरोध किया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार शुक्ला ने बताया कि इसके साथ ही महिला शिक्षामित्रों के तबादले व मूल विद्यालय वापसी व्यवस्था को पूरा कराने, मृतक शिक्षामित्रों के परिजनों को आर्थिक सहायता के साथ नौकरी देने का अनुरोध भी किया गया। इसके साथ ही शिक्षामित्रों के मानदेय वृद्धि, कैशलेस चिकित्सा कार्ड और जीवन सुरक्षा कवर जैसी व्यवस्था लागू करने के लिए आभार भी जताया। मुलाकात में प्रदेश संगठन मंत्री कौशल कुमार भी उपस्थित थे। ब्यूरो

मुख्यमंत्री से मिले एमएलसी व शिक्षामित्र संघ के पदाधिकारी

पीपीपी मॉडल पर बनेंगे 18 प्रीमियम बस स्टेशन

लखनऊ। उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) ने प्रदेश के 18 बस स्टेशनों के विकास के लिए निजी कंपनियों से निविदाएं मांगी हैं। ये बस स्टेशन सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर विकसित किए जाएंगे। निगम का अनुमान है कि इन परियोजनाओं में 1100 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2026 दोपहर दो बजे है।

परियोजना में निवेश करने वाली कंपनियों को 90 वर्ष तक की कंसेशन अवधि दी जाएगी। इच्छुक कंपनियों को पोर्टल http://etender.up.nic.in पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। विस्तृत जानकारी यूपीएसआरटीसी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

इन स्थानों के लिए मांगी गईं निविदाएं : अमेठी, गोंडा, बलरामपुर, भिनगा, बदायूं, अकबरपुर, बस्ती, गोला, सिधौली, महौली, उन्नाव, हैदरगढ़, जहांगीर, सराय अकिल, बादशाहपुर, तरबा, पीलीभीत और निघासन। ब्यूरो

तीन नए निजी विवि के संचालन को हरी झंडी... लखनऊ। प्रदेश में तीन नए निजी विवि के संचालन को हरी झंडी दे दी गई है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने गाजियाबाद में अजय कुमार गर्ग विवि के संचालन के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग सोसाइटी गाजियाबाद के सचिव, कानपुर के बिल्हौर में महर्षि महेश योगी इंटरनेशनल एग्रीकल्चर विवि के संचालन के लिए स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती चैरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली के सचिव और फतेहपुर में ठाकुर युगराज सिंह विवि के संचालन के लिए एंग्लो संस्कृत कॉलेज फतेहपुर के अध्यक्ष को आधिकारिक संचालन पत्र दिया। ब्यूरो

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पवन कुमार, पुत्र: बाबू, निवासी: फुटपाथ बैक साइड आम आदमी पार्टी कार्यालय, आई.पी. इस्टेट, दिल्ली दूसरा पता: ग्राम घघाती, थाना हरदी, जिला बहराईच, उत्तर प्रदेश** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 387/2025 U/S 305(e)/331(4)/317(2)/3(5) BNS** के तहत एक मामला **थाना आई.पी. एस्टेट, मध्य जिला, नई दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **पवन कुमार** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **पवन कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No. 387/2025 U/S 305(e)/331(4)/317(2)/3(5) BNS, थाना आई.पी. एस्टेट, मध्य जिला, नई दिल्ली** के अभियुक्त **पवन कुमार**, को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए **दिनांक 17.11.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सुश्री प्रीति,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03 (केंद्रीय)
केंद्रीय जिला, कमरा नंबर 150,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली।

DP/10674/CD/2026
(अदालती मामला)

बैंक ऑफ इण्डिया Bank of India BOI

आंचलिक कार्यालयः "स्टार हाऊस" विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010, फोन: 0522–2721512

ई-नीलामी सूचना

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना नियम 9 (1) के तहत

यह ई–नीलामी बिक्री सूचना वित्तीय परिसम्पत्तियों की प्रतिभूतिकरण एवम पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 (1) के अधीन बैंक के पास बंधक अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए है। इस नोटिस के माध्यम से आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (कर्ताओं) और जमानतकर्ता (कर्ताओं) को सूचित किया जाता है कि बैंक ने बंधक अचल सम्पत्तियों जिनका विवरण नीचे दिया गया है तथा जिनका सांकेतिक/भौतिक कब्जा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा गया है को 'जैसा है, जहां है', 'जो है, जैसा है' तथा 'जो कुछ भी है, के आधार पर बिक्रय की जायेगी।

ईएमडी / दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 24.08.2026 को सायं 05:00 बजे तक
ई-नीलामी की तिथि एवं समय 25.08.2026, प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक

क्र. सं.	खातेदार/जमानतकर्ता का नाम एवं पता/बकाया राशि	अचल सम्पत्तियों का विवरण एवं कब्जा की स्थिति	निर्धारित आरक्षित मूल्य/ऑफर धनराशि (₹)
शाखाः आरित वसूली शाखा, वरिष्ठ प्रबन्धक, अमित कुमार यादव, मोः 9415389015			
1.	**ऋणी: मेसर्स लाला फतेह चंद हरीश चंद एंड संस**,पता– 24, कुतमाकर कॉम्प्लेक्स जी बी मार्ग लखनऊ–226018 **प्रोपराइटर–श्रीमती मीना सिपल पत्नी श्री हरीश चंद सिपल**, पताः1–108/53, गगनी शुकुल का तालाब, मॉडल हाउस, अमीनाबाद, लखनऊ–226018, पताः2– दुकान/हॉल सं. 01, मकान नंबर 529/597 पर बनाई, जो प्रथम तल स्काई कैसल टॉवर, पिकनिक स्पॉट रोड, रहीम नगर, लखनऊ–226006 **जमानतकर्ता–श्री कमलेश कुमार पुत्र श्री राज कुमार वर्मा**, पता–108/53, गगनी शुकुल का तालाब, मॉडल हाउस, अमीनाबाद, लखनऊ–261206 **मांग सूचना की तिथि: 25.05.2022, बकाया धनराशि: ₹62,12,906.92** +ब्याज एवं अन्य खर्चे	सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित दुकान/हॉल सं. 01 मकान नं. 529/597 पर निर्मित, प्रथम तल, स्काई कैसल टॉवर, पिकनिक स्पॉट रोड, रहीम नगर, वार्ड महानगर, जिला लखनऊ, **क्षेत्रफल 109.665 वर्ग मीटर, स्वामी: श्रीमती मीना सिपल पत्नी: श्री हरीश चंद सिपल, चौहद्दी: पूर्व**–लिफ्ट एवं सीढ़ी की जगह, **पश्चिम**–खुली पार्किंग एवं उसके बाद रोड, **उत्तर**–दुकान/हॉल सं. 2, प्रथम तल, **दक्षिण**– ओम प्रकाश मौर्य का प्लाट/मकान (कब्जा–भौतिक)	₹ 54,00,000/– ₹ 5,40,000/–
2.	**1. मेसर्स निक्षिता ट्रेडिंग कंपनी (ऋणी), प्रोप्राइटरशिप फर्म, प्रोप्राइटर सुश्री निकिता अग्रवाल पत्नी श्री नीरज अग्रवाल**, बसरत संख्या 326 बी, गुलजीपुर, आईआईएम रोड, लखनऊ–226021 (उ.प्र.) **2. श्रीमती निकिता अग्रवाल (प्रोप) पत्नी श्री नीरज अग्रवाल**, मकान संख्या 47 सेक्टर–आई, जानकीपुरम योजना, जानकीपुरम, लखनऊ–226021 और 109/5 जी, मॉडल हाउस, डाकघर के पास, लखनऊ–226001 (उ.प्र.), **3. श्री नीरज अग्रवाल पुत्र स्व. सुरेंद्र कुमार अग्रवाल** फ्लैट संख्या ए 1/6 पीआर, छठी मंजिल, पैराडाइज पाम, आईआईएम रोड, महर्षि विश्वविद्यालय के पास, मिटौली खुर्द, लखनऊ–226020 (उ.प्र.), और 109/5 जी, मॉडल हाउस, डाकघर के पास, लखनऊ–226001 (जमानतकर्ता/बंधककर्ता) **4. श्री नीरज अग्रवाल पुत्र स्व. सुरेंद्र कुमार अग्रवाल**, मकान संख्या 47, सेक्टर–आई, जानकीपुरम योजना, जानकीपुरम, लखनऊ–226021 और 109/5 जी, मॉडल हाउस, डाकघर के पास, लखनऊ–226001 (उ.प्र.), और फ्लैट संख्या 404, चतुर्थ तल, ब्लॉक–बी, गोयल एन्क्लेव, फेज–4, गणेशपुर, रहमानपुर, लखनऊ–226028 (उ.प्र.) (ज़ैमानतकर्ता) **मांग सूचना की तिथि: 25.06.2025, बकाया धनराशि: ₹2,26,12,817.77** (नोटिस दिनांक तक बकाया) +ब्याज एवं अन्य खर्चे **नोटः कुछ तकनीकी कारणों के चलते पूर्व मे जारी दिनांक 31.07.2026 की बिक्री नोटिस को निरस्त किया जाता है।**	सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित सात्मिक बंधक फ्लैट संख्या ए1/6 पीआर, छठी मंजिल, पैराडाइज पाम (पुष्पा हाउसिंग आवासीय अपार्टमेंट), फ्लैट/बसरत संख्या 109 से पर निर्मित, रामपुर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, **क्षेत्रफल 1517.00 वर्ग फीट, श्री नीरज अग्रवाल के नाम पर, चौहद्दी: पूर्व:** मार्ग 7.5, **पश्चिम:** खुला, **उत्तर:** खुला, **दक्षिण:** सीढ़ी और लॉबी की दीवार (कब्जा–भौतिक)	₹ 58,00,000/– ₹ 5,80,000/–

नियम एवं शर्तेः बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित क्रेडिटर के वेब पोर्टल पर दिए गए लिंक को देखें **i.e.https://www.bankofindia.bank.in, https://baanknet.com** अधिक जानकारी के लिए सम्बन्धित एजीएम/मुख्य प्रबंधक / शाखा प्रबंधक को ऊपर दी गई शाखाओं व उनके फोन नम्बर पर सम्पर्क करें। नोट–न्यूनतम स्वीकार्य बोली आरक्षित मूल्य (आरएपी) से रु. 10,000/– ऊपर होगी।

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन), नियम 2002 के नियम 9 (1) के तहत वैधानिक 15 दिनों की बिक्री सूचना

दिनांकः 31.07.2026 / 05.08.2026 स्थानः लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इण्डिया